भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
21.03.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2514 का उत्तर

विद्युतीकरण और आधुनिकीकरण लक्ष्य

2514. श्री के. आर. एन. राजेश कुमार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विशेष रूप से "मिशन 100 प्रतिशत विद्युतीकरण" पहल के मद्देनजर विद्युतीकरण और आधुनिकीकरण के अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) देरी के विशिष्ट कारण क्या हैं और प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): वर्तमान में, भारतीय रेल के बड़ी लाइन नेटवर्क का लगभग 98% विद्युतीकृत किया जा चुका है और शेष खंडों पर काम चल रहा है। हाल के वर्षों में रेल विद्युतीकरण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, 2014 से पहले और बाद के विद्युतीकरण कार्य की तुलना इस प्रकार है:

अवधि	**मार्ग किलोमीटर**
2014 से पहले (लगभग 60 वर्ष)	21,801
2014-25 (फरवरी,2025 तक)	45,922

विद्युतीकरण परियोजना(ओं) का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा वन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा वन संबंधी स्वीकृति, बाधक जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक क्लीयरेंस, क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना(ओं) स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु स्थिति आदि के कारण परियोजना विशेष के स्थल के लिए वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। यह सभी कारक परियोजना(ओं) के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं।

*****